## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 16.11.2024** **समय : 1905**

- **श्री विजयपुरम हवाई अड्डे के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान के आगमन के अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि कार निकोबार दुनिया का सबसे अच्छा पर्यटन केंद्र होगा।**
- **आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है।**
- **पहलगांव ग्राम पंचायत में वर्तमान पंचायत प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आज ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई।**
- **राष्ट्रीय नवजात सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।**
- **दक्षिण अंडमान अंचल के उप–शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित अंडर–16 लड़के और लड़कियों के लिए अंतर विद्यालय कबड्डी नॉक–आउट टूर्नामेंट का आज फाइनल खेला गया।**

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि कार निकोबार दुनिया का सबसे अच्छा पर्यटन केंद्र होगा और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के अन्य हिस्सों में हवाई अड्डों को भी विकसित किया जाना चाहिए। वे आज श्री विजयपुरम हवाई अड्डे के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान के आगमन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुआलालंपुर से श्री विजयपुरम तक यात्रियों का स्वागत करना गर्व का पल है। द्वीपसमूह के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में आज क्वालालम्पुर से श्री विजयपुरम के लिए पहली अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा की शुरूआत हुई। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी मुख्य अतिथि थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद यह किसी अंतर्राष्ट्रीय गंतव्य से श्री विजयपुरम के लिए पहली निर्धारित उड़ान थी। इस अवसर पर हवाई अड्डा निदेशक देवेन्द्र यादव ने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण लगातार श्री विजयपुरम हवाई अड्डे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नया हवाई अड्डा हर साल चालीस लाख से अधिक यात्रियों को संभालने में सक्षम है और एक ही समय में दस उड़ानों को पार्क करने में भी सक्षम है। उन्होंने कहा कि रात में उड़ानों के संचालन पर भी विचार किया जा रहा है। उड़ान योजना के तहत प्राधिकरण द्वीपों के अन्य छोटे हवाई अड्डों के लिए उड़ानें संचालित करने पर भी विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटक आकर्षित होंगे और द्वीपों में पर्यटन के क्षेत्र को और बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले एयर एशिया की कुआलालंपुर से श्री विजयपुरम की उड़ान में पहुंचे यात्रियों का हवाई अड्डे के अधिकारियों और एयर एशिया के कर्मचारियों ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। यात्रियों के सम्मान में पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशासन के मुख्य सचिव केशव चंद्र, पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, एयर एशिया मलेशिया के प्रबंध निदेशक दातो कैप्टन फरेह मजपुत्र और कई अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><>

आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष सोलह नवम्बर को प्रेस दिवस मनाया जाता है। उन्नीस सौ छियासठ में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं और एक स्मारिका जारी की जाती है।

<><><><><><>

मायाबंदर तहसील के अंतर्गत पहलगांव ग्राम पंचायत में वर्तमान पंचायत प्रधान शिबानन्द बैरागी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आज ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में ग्यारह सदस्यों में से नौ वार्ड सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। ग्राम सभा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विश्वास प्रस्ताव के लिए भारी संख्या में ग्राम सभा सदस्यों ने भाग लिया और नियमों के अनुसार मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। नौ सौ उनतीस मतदाताओं में से वर्तमान प्रधान शिबानन्द बैरागी के पक्ष में दो सौ पैंतालीस मत और प्रस्ताव के पक्ष में छः सौ चौरासी मत पड़े। मतदान के अनुसार पहलगांव पंचायत प्रधान शिबानन्द बैरागी विश्वास प्रस्ताव हार गए। विश्वास प्रस्ताव में कुल नौ सौ उनतीस मतदाताओं ने भाग लिया।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी राष्ट्रीय नवजात सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में आज स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा यूटी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा में "नवजात शिशुओं में रोगाणुरोधी प्रतिरोध को रोकने के लिए रोगाणुरोधी उपयोग को अनुकूलित करना" विषय पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बारे में जागरूकता बढ़ाने, एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने, अस्पतालों और सामुदायिक स्तर पर नवजात देखभाल इकाइयों में संक्रमण नियंत्रण पर जानकारी देना है। प्रजनन और बाल स्वास्थ्य के संयुक्त सचिव डॉ. अविजीत रॉय ने नवजात शिशुओं के

देखभाल के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. इज़रा बेगम भी उपस्थित थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम. जॉय ने नवजात शिशुओं को देने वाली एंटीबायोटिक के उपयोग पर जानकारी देते हुए कहा कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध को रोकने और नवजात को इसके संभावित दुष्प्रभावों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, ए एन एम और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य सहकारिता संघ की ओर से आज फरारगंज के पंचायत हॉल में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, रोज़गार और कौशल विकास में सहकारिता की भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहकारी सोसाइटी के उप–पंजीयक एस राजू ने भारती सर्विस कॉपरेटिव सोसाइटी के विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सोसाइटी के एक सदस्य को ए श्रेणी की सदस्यता भी प्रदान की। एस राजू ने कहा कि द्वीपसमूह में रोज़गार के सीमित अवसर होने के कारण सहकारिता सोसाइटी गांव के युवाओं के लिए स्वरोजगार का एक अच्छा माध्यम है। इससे गांवों का आर्थिक विकास होगा। पंचायत प्रधान सुनील कुमार ने निर्माण क्षेत्र से जुड़े सहकारी सोसाइटियों के समस्याओं को उठाते हुए प्रशासन से पंचायत, पंचायत समिति, ज़िला परिषद और लोक निर्माण जैसे विभागों द्वारा निर्माण कार्य उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने सहकारिता संघ से सोसाइटी, स्वयं सहायता समूह और स्थानीय लोगों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण देने पर भी बल दिया। इसी सिलसिले में कल बर्मानाला पंचायत हॉल में दिन में ग्यारह बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान अंचल के उप–शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित अंडर–16 लड़के और लड़कियों के लिए अंतर विद्यालय कबड्डी नॉक–आउट टूर्नामेंट का आज फाइनल खेला गया। इस अवसर पर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मोहनपुरा की प्रधानाचार्या एस. भवानी मुख्य अतिथि थीं और शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक (खेल) इरशाद अहमद और खेल एवं युवा मामले विभाग के सहायक निदेशक (खेल) बिश्वनाथ सेन विशेष अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से नियमित रूप से खेलने को कहा। उन्होंने कहा कि चूंकि कबड्डी मुख्य रूप से एक ऐसा खेल है, जिसमें बहुत अधिक शारीरिक प्रयास और ऊर्जा की आवश्यकता होती है, इसलिए इस खेल से बच्चें फिट और स्वस्थ रह सकेंगे और उन्हें सहनशक्ति, बचाव, सांस रोकना और शरीर को लचीला बनाने में मदद मिलेगी। लड़कों के फाइनल मैच में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भातुबस्ती ने सीनियर सेकेण्डरी स्कूल प्रातरापुर को इकसठ–तिरपन अंकों से हराया, जबकि लड़कियों के वर्ग में सेकेण्डरी स्कूल वि के वि नगरपालिका, रांची टेकरी ने सीनियर सेकेण्डरी कामराज अंग्रेजी माध्यम स्कूल को साठ के मुकाबले पैंतालीस अंकों से पराजित किया। बिस्वनाथ सेन ने विजेता और उप–विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और पदक वितरित किए।

<><><><><><><>

बुनियादाबाद स्थित श्री अयप्पा मंदिर में आज से अगले वर्ष चौदह जनवरी तक मंडला मकरा विल्लकु पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>